# Bihar Board Class 9 Disaster Management Solutions Chapter 13 समुदाय आधारित आपदा प्रबन्धन

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न 1.
आपदा प्रबंधन के तीन प्रमुख अंगों में कौन एक निम्नलिखित में शामिल नहीं है ?
(क) पूर्वानुमान, चेतावनी एवं प्रशिक्षण
(ख) आपदा के समय प्रबंधन गतिविधियाँ ।
(ग) आपदा के बाद निश्चित रहना
(घ) आपदा के बाद प्रबंधन कार्य करना ।
उत्तर-
((ग) आपदा के बाद निश्चित रहना

प्रश्न 2.
प्रत्येक ग्रीष्म ऋतु में कौन सी आपदा लगभग निश्चित है ?
(क) आगजनी
(ख) वायु दुर्घटना
(ग) रेल दुर्घटना
(घ) सड़क दुर्घटना
उत्तर-
(क) आगजनी

प्रश्न 3.
सामुदायिक प्रबंधन के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन एक प्राथमिक क्रियाकलाप में शामिल नहीं है।
(क) निकटतम प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र को सूचित करना।
(ख) प्रभावित लोगों को स्वच्छ जल और भोजन की उपलब्धता की गारंटी करना ।
(ग) आपदा की जानकारी प्रशासन तंत्र को नहीं देना।
(घ) आपतकालीन राहत शिविर की व्यवस्था करना।
उत्तर-
(ग) आपदा की जानकारी प्रशासन तंत्र को नहीं देना।

प्रश्न 4.
ग्रामीण आपदा प्रबंधन समिति के प्रमुख कार्य हैं ?
(क) प्राथमिक उपचार की व्यवस्था नहीं करना।
(ख) सभी को सुरक्षा देना।
(ग) राहत शिविर का चयन एवं राहत पहुँचाने का कार्य करना ।
(घ) स्वच्छता का ख्याल रखना ।
उत्तर-
(ख) सभी को सुरक्षा देना।


https://www.evidyarthi.in/

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
अग्निशमन दस्ता आने के पूर्व समुदाय द्वारा कौन से प्रयास किये जाने चाहिए?
उत्तर-
अग्निशमन दस्ता आने के पूर्व समुदाय द्वारा निम्नलिखित प्रयास किया जाना चाहिए

- आग से झुलसे हुए लोगों को एक जगह पंचायत भवन या विद्यालय में ले जाकर प्राथमिक उपचार करना चाहिए।
- जले हुए भाग पर पानी डालना या चंदन का लेप लगाना चाहिए।
- जले हुए भाग पर बर्फ का उपयोग करना चाहिए।
- टेलीफोन या मोबाइल का प्रयोग करके अस्पताल से एम्बुलेन्स माँगना चाहिए।
- घायल या अर्द्ध जल लोगों को अच्छे उपचार के लिए अस्पताल पहुँचना चाहिए।
- जिस जगह पर आग लगी हो, वहाँ अधिक से अधिक पानी, बालू, गोबर तथा मिट्टी डालना चाहिए ।

प्रश्न 2.
ग्रामीण स्तर पर आपदा प्रबंधन समिति के गठन में कौन-कौन से
सदस्य शामिल होते हैं ?
उत्तर-
ग्रामीण स्तर पर आपदा प्रबंधन समिति के गठन में के नौ सदस्य होते हैं। ये निम्नांकित हैं-

- विद्यालय के प्रधानाचार्य
- गाँव के मुखिया
- गाँव के सरपंच
- गाँव के दो समर्पित लोग
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का एक डॉक्टर
- राष्ट्रीय सुरक्षा सेवा के सदस्य (N.S.S)
- ग्राम सेवक
- स्वयं सहायक समूह की दो महिलाएँ
- नौ सदस्यों की सूची मानी गयी ।

प्रश्न 3.
आपदा प्रबंधन के लिए समुदाय में किन अच्छे गुणों का होना आवश्यक है ?
उत्तर-
आपदा प्रबंधन के लिए समुदाय के लोगों में निम्नलिखित गुणों का होना आवश्यक है

- (i) समुदाय के सदस्य हमेशा समुदाय की भलाई सोचें ।
- (ii) समुदाय द्वारा जब सामूहिक कार्य के लिए टीम का गठन हो तो उसमें परिश्रमी और साहसी लोग ही आपदा में शामिल हों ।
- उसमें जात-पात और धर्म आधारित भेदभाव नहीं होना चाहिए।
- समुदाय के हर व्यक्ति को सहज रखना चाहिए कि वे संभावित आपदा की जानकारी शीघ्र ही एक दूसरे को दें।
- समुदाय के लोगों में उत्साह, साहस और आवश्यकतानुसार सख्ती के प्रयोग की क्षमता होनी चाहिए ।


https://www.evidyarthi.in/

- हर व्यक्ति के बहुत से निजी कार्य होते हैं लेकिन सामुदायिक आपदा के सामने निजी कार्य के गुण समझते हुए इसके सामना करने हेतु आगे आना चाहिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1.
आपदा प्रबंधन में समुदाय की केन्द्रीय भूमिका का वर्णन करें।
उत्तर-
कोई आपदा न तो सूचना देकर आती है न ही इसके कोप का मुक्तभोगी एक व्यक्ति होता है । आपदा आर्थिक भौर सामाजिक दृष्टि से असमान परिवारों में कोई भेद-भाव नहीं करती है । इससे निपटने के लिए समुचित तैयारी की आवश्यकता है और पारिवारिक भागीदारी भी आवश्यक है । इसका प्रभाव जानमाल पर तो पड़ता ही है मानसिक क्लेश भी होता है । इन आपदाओं से निपटने की जिम्मेवारी समाज की सामूहिक रूप से होती है। समाज के अनुभवी लोग आपदाओं का पूर्वानुमान या उनसे निपटने के सर्वोत्तम सुझाव दे सकते हैं । इस प्रकार प्रत्येक परिवार तक उसके लाभ पहुंचाने में समुदाय की केन्द्रीय भूमिका होती है।

प्रश्न 2.
ग्रामीण आपदा प्रबंधन समिति के कार्यों का विस्तृत वर्णन करें।
उत्तर-
ग्रामीण आपदा प्रबंधन समिति के निम्नलिखित कार्य हैं

- पूर्वानुमान के आधार पर चेतावनी एवं सूचना देना यह प्रबंधन समिति जिला मुख्यालय से प्राप्त सूचनाओं को तत्काल लोगों तक पहुँचायेगी।
- राहत शिविर का चयन और प्रभावित लोगों को राहत पहुचाने का कार्य इसी के साथ जिला प्रशासन को सूचित करना आगजनी है तो दमकल को सूचित कराना।
- राहत कार्य-मुख्य रूप से लोगों को भोजन एवं पानी उपलब्ध करना।
- प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करना ।
- सभी को सुरक्षा प्रदान करना-महिला, बच्चों पर विशेष रूप से ध्यान देना ।
- स्वच्छता का ख्याल रखना-स्वच्छता रखने से विभिन्न प्रकार की बीमारी नही फैलती है।

प्रश्न 3.
आपदा प्रबंधन में समुदाय की भागीदारी को कैसे सुनिश्चित किया जा
सकता है?
उत्तर-
आपदा प्रबंधन में समदाय की भागीदारी को निम्न प्रकार से सनिश्चित किया जा सकता है-

- निकटतम विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच यह घोषणा करना कि बाढ़ अथवा आँधी की संभावना है इसलिए घर में लोगों को सचेत कर देना ।
- किसी आपदा के विषय में विद्यालय, मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर में जाकर घोषणा करना तथा आवश्यक निर्देश देना ।
- समाज के वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलाओं के लिए पहले से विस्थापन के प्रबंध करना और गाँव के विद्यालय में तैरने के जैकेट, नाव, डॉक्टर और कुशल लोगों की सूची तैयार करना जिससे आपदा के समय इनका विस्थापन आसानी से किया जा सके ।।


https://www.evidyarthi.in/

- पंचायत भवन और गाँव के विद्यालय में तैरने के जैकेट. नाव. डॉक्टर और कुशल लोगों की सूची तैयार रखना वहीं ऐसे स्थान से संपर्क रखना जहाँ से आवश्यकता पड़ने पर उचित व्यवस्था हो सके ।
- महामारी, दंगे और आग लगने पर परिवहन साधन की व्यवस्था रखना जिससे प्रभावित लोगों को शीघ्र अस्पताल पहुंचाया जा सके ।


https://www.evidyarthi.in/